तेरा झूठा मोह जगत में

तेरा झूठा मोह जगत में तोते से बोली मैना
गैरों से मतलब क्या है अपनों से बच के रहना

श्री राम हुए वनवासी अपनो से धोखा खाया
वो मोसी भी अपनी थी जिसने वनवास दिलाया
सब आनी जानी माया सुख है तो दुःख भी सहना
गैरो से मतलब क्या है अपनों से बचके रहना

श्री कृष्ण हुये अवतारी जाने जन्म जेल में पाया
मामा ही दुश्मन बन गया था अपना नही पराया
बहन को जेल भिजवाया ना माना किसी का कहना
गैरो से मतलब क्या है अपनों से बचके रहना

रावण विद्वान् हुआ था अपनों से धोखा खाया
वो भाई भी अपना था जाने सारा भेद बताया
प्रहलाद ने धोखा खाया पद गया अग्नि में दहना
गैरो से मतलब क्या है अपनों से बचके रहना

जो अपनों से दगा करेगा वो सात जनम भोगेगा
तू किस पे करे भरोसा चल उड़ जा हंस अकेला
दुनिया का झूटा मेला है हरीश गुरु का कहना
गैरो से मतलब क्या है अपनों से बचके रहना

uploaded by : ललित शर्मा, सिहानी ।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1314/title/tera-jhoota-moh-jagat-me-tote-se-boli-maina-gairo-se-matlab-kya-hai-apno-se-bach-ke-rehna

अपने Android मोबाइल पर [BhajanGanga]() App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |